अनुलग्नक–2
जिला– खगड़िया।
(नियोजन इकाई प्रखंड खगड़िया)

**कार्यालय आदेश**

बिहार पंचायत प्रारंभिक शिक्षक (नियोजन एवं सेवा शर्त्त) नियमावली–2012 (यथा संशोधित) एवं बिहार नगर प्रारंभिक शिक्षक (नियोजन एवं सेवा शर्त्त) नियमावली 2012 (यथा संशोधित) के तहत विभागीय अधिसूचना संख्या 1378 दिनांक 17.12.2021 एवं विभागीय पत्रांक 33 दिनांक 18.01.2022 के द्वारा राज्य के मध्य विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक के पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापित पदो के विरूद्ध मध्य विद्यालय कुम्मरचक्की में शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक के रूप में निम्नलिखित सूची में अंकित अभ्यर्थियों का चयन नियुक्ति हेतु किया गया है। यह नियुक्ति पूर्णतः औपबंधिक है।

अतः निम्नलिखित सूची में अंकित अभ्यर्थी, यदि शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक के पद पर नियुक्त होना चाहते हो, तो 30 दिनों के अंदर वे सूची में अंकित पदस्थापन के विद्यालय में योगदान देना सुनिनिश्चत करें अन्यथा संबंधित अभ्यर्थी का दावा स्वतः समाप्त हो जायेगा।

| क्रमांक | अभ्यर्थी का नाम | पिता/पति का नाम | स्थायी पता | मेधा सूची क्रमांक | आरक्षण कोटि | जन्म तिथि | पदस्थापित विद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | श्री बंटी कुमार | अनिल यादव | नयाटोला, बलुआही, खगड़िया | 14 | UR (M) | 15.01.1995 | मध्य विद्यालय कुम्मरचक्की |

1. संबंधित अभ्यर्थी विद्यालय में योगदान देने के समय सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक प्रमाण–पत्र/अंक–पत्र, शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक योग्यता परीक्षा उत्तीर्णता प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।
2. योगदान के समय अभ्यथियों को असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत स्वास्थ्य प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।
3. योगदान के समय अभ्यर्थियों को दहेज नहीं लेने एवं देने संबंधी घोषणा–पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।
4. प्रमाणपत्र जाली/अन्तर्लेपन/गलत पाये जाने की स्थिति में नियोजन पदाधिकारी के द्वारा नियोजन रद्द कर दिया जायेगा और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
5. संबंधित विद्यालय के प्रधान शिक्षक/प्रधानाध्यापक नियोजन इकाई से संबंधित अभ्यर्थी के नियुक्ति पत्र का सत्यापन कराने के उपरांत ही योगदान स्वीकृत करेंगे।

ह0–

सचिव, प्रखंड नियोजन इकाई
–सह–
प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी
खगड़िया।

ज्ञापांक 380/पं0 /दिनांक 28/05/2022

प्रतिलिपिः– संबंधित नवनियुक्त शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– विद्यालय के प्रधानाध्यापक को सूचनार्थ प्रेषित करते हुए कहना है कि नवनियुक्त शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक के योगदान की सूचना अधोहस्ताक्षरी कार्यालय एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय को अचूक रूप से देना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपिः– जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, खगड़िया को सूचनार्थ प्रेषित करते हुए अनुरोध करना है कि उक्त नियुक्ति आदेश को जिले के NIC के Website पर Upload करना चाहेंगे।

28/05/2022

सचिव, प्रखंड नियोजन इकाई
–सह–
प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी
खगड़िया।